**संख्या-806/2026/1187/नौ-5-2026/003-Com.No-2029647**

**प्रेषक,**

**देवेश मिश्र,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

**सेवा में,**

**अधिशासी अधिकारी,**
नगर पंचायत, फतेहपुर,
जनपद-बाराबंकी।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 25 मार्च, 2026

**विषयः- वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत, फतेहपुर, जनपद-बाराबंकी हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपुर्यक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना के अन्तर्गत पेयजलापूर्ति के निम्नलिखित कार्यों हेतु नगर पंचायत, फतेहपुर, जनपद-बाराबंकी को कुल रूपये 100.68 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एवं उसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में **रू0 50.00 लाख (रूपये पचास लाख मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल महोदया निम्नांकित विवरण, शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

**(धनराशि रूपये लाख में)**

| क्र0 स0 | निकाय का नाम | कार्य का नाम | प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति | प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जा रही धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| 1 | **नगर पंचायत, फतेहपुर, जनपद-बाराबंकी** | 1- Supply of following spare parts for maintenance water supply pipe line. | 19.02 | |
| | | 2- Supply of following spare parts for maintenance of india marka 2 handpump. | 19.59 | |
| | | 3- Supply & Fixing of Tank Mounted Stand Post 5000 Ltr. | 60.53 | |
| | | 4- Supply of 7.5 H.P. Submersible Pump sets to strengthen the water. | 1.54 | |
| **योग** | | | **100.68** | **50.00** |

**नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों**

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकायों द्वारा प्रस्तुत बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी /सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निकायों के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। निकायों द्वारा स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यो पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है। आहरित धनराशि किसी अन्य डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि का व्यवर्तन अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

(4) शासनादेश संख्या-3355/नौ-5-2025-63सा/2025 दिनांक 10 जून, 2025 एवं शासनादेश संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) 'सेंटेज चार्जेज, निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बंधित वित्तीय प्रबंधन' सम्बंधी वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मई, 2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19 मई, 2023 के प्रानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) कार्य पूर्ण होने पर कार्य के सम्परीक्षित लेखे शासन को अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।

(7) प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त धनराशि का आहरण कोषागार से सुसंगत नियमों/प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा।

(8) कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी तथा उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जायें।

(9) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों/समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(10) नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

(11) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न ही वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यो की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, इसकी पुष्टि कर ली जाय।

(12) कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्पले बोर्ड' पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था कार्य प्रारम्भ होने, कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि आदि का उल्ल्रेख किया जायेगा। कार्य प्रारम्भ होने, कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(13) अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए वर्क ऑर्डर निर्गत करने के उपरान्त ही निकाय द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु व्यय की जायेगी।

(14) प्रश्नगत योजना से संबंधित गाईड लाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 50,00,000 ( रुपये पचास लाख मात्र )** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक 2215011010600 पेयजल हेतु व्यवस्था मानक मद 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न यू0ओ0 संख्या– E-9-566-X-2025-26-दिनांक: 25-03-2026मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

**(देवेश मिश्र)**
संयुक्त सचिव।

**संख्या-806/2026/1187(1)/नौ-5-2026/003-Com.No-2029647, तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज ।

2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज ।

3- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

4- संबंधित कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट कोषागार, उत्तर प्रदेश।

5- निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

6- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।

8- निजी सचिव, माननीय मंत्री जी, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

9- सूपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

10- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

**(देवेश मिश्र)**

संयुक्त सचिव।

GO-SS-2025

## Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष**:-2025-2026
**आवंटन दिनांक**-25/03/2026

**प्रेषण संख्या:-** 806
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-806-2026-1187-9-5-2026-003-CN-2029647
**अनुदान संख्या:-** 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2025-2026 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2215 - जल पूर्ति तथा सफाई(आयोजनेत्तर-मतदेय)
01 - जलपूर्ति
101 - शहरी जलपूर्ति कार्यक्रम
06 - पेयजल हेतु व्यवस्था

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बाराबंकी-4183-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 5000000<br>45386000 | 5000000<br>45386000 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 5000000<br>45386000 | 5000000<br>45386000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया पचास लाख
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया चार करोड़ तिरेपन लाख छियासी हजार

(देवेश मिश्र)
**संयुक्त सचिव**